# राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

**(वरुण मार्ग, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-10024)**

F. No. 3(2)/SMC/SCERT/2023-24/9232-38 Dated : 30/08/2023

**Circular**

**रीडिंग साझेदारी सप्ताह : 04 सितम्बर 2023 से 14 सितंबर 2023**

**विषय:** पठन (रीडिंग) की आदतों को प्रोत्साहित करना- अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में **04 से 14 सितंबर** तक सभी स्कूलों में **(कक्षा 1 से कक्षा 5 तक )** पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के लिये **"रीडिंग साझेदारी सप्ताह"** मनाया जायेगा !

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सीखने के लिए मौलिक कौशल के रूप में पठन (रीडिंग) की महत्वपूर्णता को बताया गया है। इस संदर्भ में, SCERT ने साक्षरता की महत्वपूर्णता को समझते हुए **अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस** के अवसर पर **साझा संस्था** के साथ मिलकर 04 सितंबर से 14 सितंबर तक दिल्ली के सभी MCD और DOE स्कूलों **(कक्षा 1 से कक्षा 5 तक )** के बच्चों के लिए "रीडिंग साझेदारी सप्ताह" का आयोजन किया है। हर स्कूल को इस पहल में भाग लेना है ताकि बच्चों में पठन की आदतों को बढ़ावा दिया जा सके।

"रीडिंग साझेदारी सप्ताह" के माध्यम से, हम बच्चों में साक्षरता की जागरूकता पैदा करने का उद्देश्य रखते हैं। रीडिंग साझेदारी सप्ताह की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी MCD और DOE स्कूलों के प्रधानाचार्य (HOS) निम्नलिखित मार्गदर्शिकाओं के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन करें:

1. "रीडिंग साझेदारी सप्ताह" का आयोजन 04 से 14 सितंबर के बीच एक घंटे के समय में किसी भी दिन के लिए किया जा सकता है।
2. DOE स्कूलों के केवल 1 से 5 वीं कक्षा के छात्र/छात्राएं और सभी MCD स्कूल के छात्र/छात्राएं इस कार्यक्रम में भागीदारी लेगें ।
3. कार्यक्रम सुबह की पाली के स्कूलों में 8:30 से 9:30 बजे और दोपहर की पाली के स्कूलों में 2 से 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा ।
4. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए प्रिंसिपल की सहमति के साथ कक्षा अध्यापक अपनी कक्षा में रीडिंग इवेंट करवाएगें ।
5. स्कूल रीडिंग इवेंट करने के लिए कक्षा अध्यापक स्कूल में रखी कहानी की किताबों का प्रयोग कर सकते हैं। (खेल पिटारा की कहानियाँ भी ली जा सकती हैं )

6. शिक्षकों द्वारा SMC सदस्यों को भी इस कार्यक्रम में बच्चों के लिए कहानिया पढ़ने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है।
7. कक्षा अध्यापक रुचिकर तरीके (हाव-भाव, नाटक आदि ) से बच्चों को किस्से-कहानी सुनाएंगे । इसके बाद, शिक्षक कक्षा में उपस्थित छात्रों को समूहों में विभाजित करेंगे और छात्रों से समूह में कहानी पढ़ने के लिए कहेंगे।
8. कहानी पढ़ने के बाद, अध्यापक कुछ कहानी से संबंधित प्रश्न छात्रों से पूछेंगे साथ ही कहानी के पात्र को एक कागज पर बनाने के लिए कहें ।
9. अध्यापक, एसएमसी सदस्यों / अभिभावक प्रतिनिधि की जिम्मेदारी है, कि जब बच्चें समूह में कहानी सुना रहे होंगे तो वह बच्चों की कहानी तथा हाव- भाव को ध्यान से सुनें व् देखें ।
10. प्रत्येक सेक्शन से दो विजेता "स्टार रीडर" और दूसरे को "स्टार आर्टिस्ट" के रूप में चुने।
11. दो शिक्षकों, प्रिंसिपल और एसएमसी सदस्यों/अभिभावक प्रतिनिधियों की एक समिति बनाकर बच्चों में से "स्टार रीडर" और "स्टार आर्टिस्ट" चुनेंगें।

12. गतिविधि के बाद चुने गए "स्टार रीडर" और "स्टार आर्टिस्ट" को प्रमाणपत्र / Certificate प्रदान किये जाएंगे। विजेताओं की जानकारी प्रिंसिपल द्वारा Google फॉर्म में भरना ज़रूरी है। फॉर्म के लिए नीचे दिए गये गूगल लिंक और क्यू आर कोड का प्रयोग करें ।

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSe2Sx0VDAWpgfMa4uu-B2FEP2bH4iLIV7evZVtQMByM7nYb9w/viewform?usp=pp_url

QR Code

13. जैसे ही प्रिंसिपल / कक्षा अध्यापक द्वारा Google फॉर्म भरा जायेगा, प्रमाणपत्र / Certificate ऑनलाइन दिए गये इ मेल (E- mail) पर प्राप्त हो जाएगा। प्रमाणपत्र / Certificate का प्रिंट निकालकर उस पर हस्ताक्षर करने की ज़िम्मेदारी प्रिंसिपल /स्कूल प्रभारी की होगी।

14. Google फॉर्म भरके, ऑनलाइन प्रमाणपत्र /Certificate तैयार होने की प्रक्रिया **14 सितंबर 2023** तक ही होगी।

15. प्रत्येक कक्षा अध्यापक रीडिंग साझेदारी इवेंट के कम से कम 2 दिन पहले व्हाट्सएप ग्रुप पर एक मैसेज भेजकर और छात्रों की नोटबुक में एक नोट लिखकर अभिभावकों को सूचित करें ताकि अधिकतम संख्या में बच्चे भाग ले सकें। इसी मैसेज में पैरेंट्स को बच्चों को ड्रॉइंग कॉम्पिटिशन में भाग लेने के लिए ज़रूरी सामग्री (कागज, रंग और कोई अन्य स्टेशनरी) देने के निर्देश भी दिए जाएंगे।

16. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर एक पोस्टर संलग्नन-1 के अनुसार A-4 शीट पर प्रिंट किया जाएगा। स्कूल को यह सुनिश्चित करना होगा कि यह प्रिंट प्रत्येक कक्षा व् नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित हों।

17. स्कूलों के प्रिंसिपल उस स्कूल से जुड़े गैर सरकारी संगठनों (NGO) को पढ़ने में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

**ध्यान देने मुख्य बातें हेतुः :-**

1. छात्रों को कक्षा अध्यापक के माध्यम से कार्यक्रम की तारीख और समय सूचित किया जाएगा।
2. बच्चों को रीडिंग साझेदारी सप्ताह की जानकारी देने के लिए पोस्टर का प्रिंट समय से नोटिस बोर्ड व् कक्षा में लगाया जाये ।
3. अधिकतम बच्चों की भागीदारी के लिए कक्षा अध्यापक अभिभावकों को प्रार्थना सभा, व्हाट्सएप, नोट्स और मौखिक रूप से सूचित करें।
4. कार्यक्रम के दिन के लिए रंग और पेपर लाने के लिए बच्चों को पहले से सूचित किया जाए ।
5. कक्षा अध्यापक को बच्चों को कहानी सुनाने के लिए पहले से ही कहानी चुनना ज़रूरी होगा।
6. कक्षा अध्यापक, प्रिंसिपल, एस एम सी सदस्यों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहले से आमंत्रित करें ।
7. सभी चित्र एकत्र कर कक्षा की दीवार पर प्रदर्शित किये जाएं ।
8. कक्षा शिक्षक, प्रिंसिपल और एसएमसी सदस्य/अभिभावक प्रतिनिधि संयुक्त रूप से प्रत्येक सेक्शन से दो विजेता का चयन करेंगे।
9. प्रत्येक सेक्शन से दो विजेताओं को "स्टार रीडर" और "स्टार कलाकार" के रूप में चुना जाएगा।
10. गतिविधि के बाद प्रत्येक सेक्शन के विजेताओं को प्रमाणपत्र / Certificate दिए जाएंगे। विजेताओं का विवरण प्रिंसिपल / कक्षा अध्यापक के द्वारा गूगल फॉर्म में भरन अनिवार्य है ।

11. कक्षा अध्यापक द्वारा विवरण जमा करते ही प्रमाणपत्र/Certificate ऑनलाइन आ जाएगा। सभी प्रमाणपत्र का प्रिंट निकालकर प्रिंसिपल द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।
12. ऑनलाइन प्रमाणपत्र 14 सितंबर 2023 तक लिए जा सकते हैं।

**Annexure - 1 -**

Redaing sajhedaari poster link - Here



(Dr.Nahar Singh)
Jd.(Acad)SCERT

Dated : 30/08/2023

**Copy to:**

1. P.S. to Director ,Education
2. P.S.to Director, SCERT
3. P.S. to Director (Primary Education)
4. P.S. Addl.Dir.MCD
5. Saajha (NGO)
6. OS (IT to upload on MIS)
7. Guard File

(Dr.Nahar Singh)
Jd.(Acad)SCERT